भारत सरकार
नागर विमानन मंत्रालय
राज्य सभा
मौखिक प्रश्न संख्या : 227
सोमवार, 10 अगस्त, 2026 (19 श्रावण 1948 (शक)) को दिया जाने वाला उत्तर

विमानपत्तनों की सेवा गुणवत्ता रैंकिंग

***227. श्री अनिल कुमार यादव मंदादी:**
क्या **नागर विमानन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:
(क) देशभर में भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) द्वारा प्रचालित विमानपत्तनों का ब्यौरा क्या है;
(ख) देशभर में भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) द्वारा प्रचालित विमानपत्तनों की सेवा गुणवत्ता रैंकिंग का ब्यौरा क्या है; और
(ग) भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण द्वारा प्रचालित विमानपत्तनों की सेवा गुणवत्ता रैंकिंग में सुधार के लिए सरकार द्वारा उठाए गए कदमों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर
नागर विमानन मंत्री (श्री किंजरापु राममोहन नायडू)

(क) से (ग): विवरण सदन के पटल पर रखा गया है।

"विमानपत्तनों की सेवा गुणवत्ता रैंकिंग" के संबंध में श्री अनिल कुमार यादव मंदादी द्वारा पूछे गए दिनांक 10.08.2026 के राज्य सभा मौखिक प्रश्न संख्या 227 के भाग)क(से)ग(के उत्तर में संदर्भित विवरण

(क): वर्तमान में, भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) और उसकी सहायक कंपनियों द्वारा देशभर में 113 हवाईअड्डों का प्रचालन किया जा रहा है।

(ख): भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण अपने प्रमुख हवाईअड्डों पर एयरपोर्ट सर्विस क्वालिटी (एएसक्यू) सर्वेक्षण करवाता है। वर्ष 2025 के दौरान इन हवाईअड्डों की एएसक्यू रैंकिंग और रेटिंग अनुलग्नक में संलग्न है।

(ग): भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण अपने हवाईअड्डों की एएसक्यू रैंकिंग में सुधार के लिए लगातार उपाय करता है। इन उपायों में डिजीयात्रा, ई-गेट, इन-लाइन बैगेज स्क्रीनिंग सिस्टम (आईएलबीएस), कॉमन यूज टर्मिनल इक्विपमेंट (सीयूटीई), चेक-इन के लिए कॉमन यूज सेल्फ-सर्विस (सीयूएसएस) कियोस्क, सुरक्षा चैक-प्वाइंट्स पर ऑटोमेटिक ट्रे रिट्रीवल सिस्टम (एटीआरएस) जैसी आधुनिक प्रोद्योगिकियां अपनाकर अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप यात्री सेवाओं में वृद्धि और यात्री सुविधा और परिचालन दक्षता में सुधार के उद्देश्य से अन्य प्रोद्योगिकीय उन्नयन शामिल हैं।

अनुलग्नक

एएआई द्वारा प्रचालित हवाईअड्डों की रेटिंग और रैंकिंग

क्रम. सं.	हवाईअड्डा	2025	
		रेटिंग	वैश्विक रैंक
1	पुणे	4.94	57
2	गोवा	4.93	59
3	इंदौर	4.92	61
4	वाराणसी	4.91	62
5	कोलकाता	4.90	64
6	चेन्नै	4.90	65
7	देहरादून	4.88	70
8	रायपुर	4.86	72
9	त्रिची	4.85	73
10	भुवनेश्वर	4.85	74
11	अमृतसर	4.82	76
12	पटना	4.79	80
13	कोयंबटूर	4.77	82
14	कालीकट	4.73	83
15	श्रीनगर	4.70	88
16	पोर्ट ब्लेयर	4.64	94

******